# Bihar Administrative Service Association

North of Income Tax Golamber, Nehru Marg, Patna-800001

(Registration No-663/2003)

Website: basabihar.com, E-mail Id: infobasa1@gmail.com

**Shashank Shekhar Sinha**
**President**
**Mob. No.- 9334118192**

**Anil Kumar**
**General Secretary**
**Mob. No.- 9431409463**

**Vice President**
Md. Moeezuddin
9304951990

Ajay Kumar
9835737317

**Joint Secretary**
Subodh Kumar
7979919465

**Gopal Sharan**
8210342042

**Treasurer**
Sunil Kumar Tiwary
9431085120

**Joint Treasurer**
Mona Jha
9430881025


Memo No 55 Date 4.5.2020

## LAW IS THE KING OF KINGS

प्रिय बासा के सभी सदस्य ,

नमस्कार,

1. समाज या परिवार में स्थिरता शिथिलता पैदा करती है। केन्द्रीय नेतृत्व ने सरकार के अन्यायपूर्ण निर्णय के विरुद्ध दस दिन काला बिल्ला पहन कर विरोध करने का आहवान कर न केवल निर्णय लेने वालों से अपनी नाराजगी स्पष्ट की है, बल्कि अपने संघ के निराश एवं शिथिल सदस्यों के बीच उत्साह, उम्मीद, वातावरण निर्माण एवं जड़ता को समाप्त करने तथा भविष्य में बड़ी लम्बी कानूनी लड़ाई की पृष्ठभूमि भी तैयार की है।

2. विगत कुछ दिनों से बिहार में कोरोना संक्रमित व्यक्तियों की संख्या में अचानक वृद्धि हो रही है। हमारी सेवा के सभी पदाधिकारीगण मानव जीवन के सबसे अधिक एवं कठिनतम समय पर अपने एवं अपने परिवार के सदस्यों की जान खतरे में डाल कर आमजनों को सेवा प्रदान कर रहे हैं तथा भविष्य में इसके लिए कृत संकल्पित भी हैं। संघ के विरोध को और धारदार बनाने में कारोना संक्रमण व्यवधान उत्पन्न कर रहा है। बिहार में भी लॉकडाउन समाप्त नहीं किया गया है। संघ का केन्द्रीय नेतृत्व संघ के पूर्व अनुभव एवं इतिहास के आधार पर इस निष्कर्ष पर पहुंचा है कि अपने न्यायोचित माँग की पूर्ति के लिए हमें लम्बी कानूनी लड़ाई लड़नी होगी।

3. आज के परिप्रेक्ष्य में संघ का मानना है कि सरकार को यह बताना जरूरी है कि राज्य–जिला प्रशासन की दूसरी कड़ी के सम्वर्गीय पदाधिकारी की कर्मठता,योग्यता एवं काबिलियत देश के किसी सेवा सम्वर्ग से कम नहीं है। जैसा नवादा में हुआ, अपनी नाकामियों को छिपाने एवं अपना चेहरा चमकाने के लिए वरीय पदाधिकारियों द्वारा अपने अधीनस्थ पदाधिकारी को बलि का बकरा बनाने की परिपाटी बदस्तूर जारी है। सर्वोच्च राजनीतिज्ञों के पास हमलोग की बातों को या तो पहुँचने नहीं दिया जाता है या उसे तोड़–मरोड़ कर बताया जाता है। इसका फलाफल यह है कि हमारी सेवा के बेकसूर सैकड़ों पदाधिकारी बिना समुचित कारण के कारण दंडित हो चुके हैं। सुनियोजित तरीके से वर्तमान सरकार द्वारा अप्रैल 2010 में हमारे संवर्ग पुनर्गठन के निर्णय के बाद वैसे वरीय पदाधिकारियों द्वारा, जिनका यह मानना है कि हमारी कमीज उनकी कमीज से सफेद कैसे, बिहार प्रशासनिक सेवा संवर्ग को बौना बनाने एवं तदर्थ तरीके से इस संवर्ग की सार्थकता को समाप्त एवं

इसकी मूल संरचना को ही नष्ट करने पर तुले हैं। यह हमारी विडम्बना है कि हम अपने तर्कों एवं सच्चाई को दृढता–पूर्वक या तो सीधे सरकार के समक्ष रख नहीं पाते हैं या रखते भी हैं तो इसे तोड़–मरोड़ कर पेश किया जाता है।

4. **इस मुद्दे पर सरकार की सकारात्मक सोच की अपुष्ट जानकारी प्राप्त हुई है। संघ को उम्मीद है कि इस बार हमें सफलता जरूर मिलेगी।** कानून से कोई बड़ा नहीं है तथा भारतीय संविधान अपने सभी नागरिकों को समानता का अधिकार भी देता है। इस सिद्धांत के आधार पर हीं संघ अपने अन्य माँगों की पूर्ति के लिए न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाने की योजना पर वृहत् स्तर पर कार्य कर रहा है। कारोना के कारण माननीय उच्च न्यायालय, निचली अदालत एवं अन्य संवैधानिक संस्थानों में 17 मई तक वीडिया कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए केवल आपात एवं बेहद जरूरी मामलों की ही सुनवाई होनी है।

5. अतः सघन विचार–विमर्श के बाद संघ की केन्द्रीय कार्यकारिणी द्वारा टेलीकॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से यह निर्णय लिया गया है कि:–

(क) कोरोना समाप्ति के उपरान्त आन्दोलन की नई रणनीति तय की जाएगी।

(ख) लॉकडाउन समाप्त होने पर किसी एक दिन गांधीवादी सांकेतिक प्रतिकार दिवस मनाया जाएगा। इसकी विस्तृत सूचना सभी सदस्यों को ससमय दी जाएगी।

(ग) नवादा में वरीय पदाधिकारी द्वारा अपने मौखिक आदेश से स्पष्ट तरीके से मुकरने, वरीय पदाधिकारियों की सेवा मूल्यों में आई गिरावट, इनके STEEL FRAME से RUBEER FRAME तक की यात्रा के आलोक में इनके किसी मौखिक आदेश को भविष्य में नहीं मानने का अभियान चलाया जाएगा।

(घ) माननीय उच्च न्यायालय की गतिविधि सामान्य होने पर संघ द्वारा समुचित वाद दायर करने की कार्रवाई की जाएगी ।

6. संघ के सभी सदस्यों द्वारा संघ के आह्वान पर अद्‌भुत, अद्वितीय, अविस्मरणीय एवं चट्टानी एकता प्रदर्शित करने के लिए संघ की केन्द्रीय कार्यकारिणी संघ के सदस्यों का हृदय से कोटि–कोटि आभार व्यक्त करती है। यही उत्साह हमें आगे भी बनाए रखना है।

जय बासा ।

(अनिल कुमार) (शशांक शेखर सिन्हा)